Date- 16/06/2020

Name- Raj Kapoor Verma

college name- Shakuntalam Institute of teachers education At - Krihindi Kumhu station Sasaram

Class - B.Ed 1st year

papper - C2 unit-5

Topic - विद्यालय का नाम एवं प्रकार

5 विद्यालय भवन के नियोजन एवं निर्माण करते समय ध्यान दी जाने वाली प्रमुख बातें।

⇒ विद्यालय भवन का नियोजन एवं निर्माण करते समय स्थापत्य कलाकार तथा विद्यालय प्रबन्धकों को शैक्षिक आवश्यकताओं की अनुकूलता के साथ-साथ सुरक्षा की व्यवस्था का भी ध्यान रखना चाहिए। उसमें सौन्दर्य, व्यावहारिक कौशल तथा कलात्मक प्रभाव का संगठन होना चाहिए। विद्यालय स्थानीय समाज की केवल वर्तमान आवश्यकताओं ही नहीं बल्कि भावी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला होना चाहिए।

विद्यालय भवन निर्माण हेतु निम्न बातों को ध्यान रखना आवश्यक होता है।

Teacher's Signature............

1. विद्यालय भवन की स्थिति - विद्यालय भवन की स्थिति का चुनाव करते समय ध्यान रहे कि यह रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, सिनेमा घर, अदालत आदि सार्वजनिक स्थलों से दूर हो तथा आने-जाने के लिए सुविधा हो।

2. समतल भूमि - विद्यालय निर्माण के लिए समतल भूमि का होना आवश्यक है। यदि भूमि ऊँची नीची होगी तो बरसात में समस्याएँ आ जाती हैं, आने-जाने में असुविधा एवं पानी ठहरने से बीमारियों के फैलने का भय बना रहता है।

3. दिशा - विद्यालय भवन की दिशा इस प्रकार होनी चाहिए, जिसमें सूर्य का प्रकाश आसानी से पहुँच सके। भारत के विद्यालयों की दिशा दक्षिण पूर्व को होनी चाहिए।

4. सेवा स्थितियाँ - विद्यालय की विभिन्न सार्वजनिक सेवाएँ जैसे- नालियों की व्यवस्था, पीने का पानी, बिजली की व्यवस्था आसानी से उपलब्ध हो सके।

5. भवन की आकृति –
भवन निर्माण के समय स्पष्ट कर लेना चाहिए कि भवन एक मंजिला हो या दो मंजिला।

6. भवन का डिजाईन –
भवन का डिजाईन आकर्षक व शानदार होना चाहिए। इसमें आकर्षण व नवीनता होनी चाहिए। इसकी सरलता, सुन्दरता से समुदाय के उच्च उद्देश्य व उच्च आदर्श प्रतिबिम्बित होने चाहिए।

7. वैज्ञानिक योजना –
उचित प्रकाश व वायु की व्यवस्था होनी चाहिए। दरवाजे खिड़कियाँ आमने - सामने व बड़ी होनी चाहिए। बरामदे खुले होने चाहिए।

8. शौचालय की व्यवस्था –
विद्यालय में शौचालय हेतु उपयुक्त स्थान का चुनाव किया जाना चाहिए तथा पानी की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए।

9. विद्यालय प्रांगण –
विद्यालय के चारों ओर चारदीवारी हो, मैदान खेलयुक्त व साफ - सुथरा तथा चारों ओर पेड़ -

Teacher's Signature.....

पौधों, फूलों की क्यारियाँ हो।

10. अन्य आवश्यक सुविधाएँ — विद्यालय भवन योजना इस प्रकार बनायी जाये, जिसमें विद्यालय कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी सुविधाएँ विद्यमान हो। ऐसा भवन ही उपयोगी होता है, जो विद्यार्थियों की शैक्षिक शारीरिक, सांस्कृतिक, भावात्मक व सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति करें।

इस प्रकार शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मानवीय एवं भौतिक संसाधनों में विद्यालय एक महत्वपूर्ण तत्व है। यह स्वच्छ्य व सुन्दर वातावरण में होना चाहिए।

=